मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-454
21/09/2025

# मुख्यमंत्री ने डॉ0 ए०पी०जे० अब्दुल कलाम साइंस सिटी का किया उद्घाटन

- देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने—समझने के लिये यह आकर्षक और अनूठा केन्द्र होगा— मुख्यमंत्री

पटना, 21 सितम्बर 2025 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के राजेन्द्र नगर में 21 एकड़ के भू—खण्ड पर नवनिर्मित डॉ0 ए०पी०जे० अब्दुल कलाम साईंस सिटी का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अब्दुल कलाम साइंस सिटी के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर एवं प्रथम तल पर जाकर विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। कार्यक्रम में वहां उपस्थित बच्चों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को डॉ0 ए०पी०जे० अब्दुल कलाम साईंस सिटी के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अब्दुल कलाम साइंस सिटी के निर्माण से संबंधित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी। इस साइंस सिटी में विज्ञान आधारित 5 गैलरी, 269 रोचक विज्ञान प्रदर्श, ऑडिटोरियम, 4 डी थियेटर तथा छात्रों एवं शिक्षकों के लिये डोरमेट्री की सुविधा प्रमुख आकर्षण केन्द्र हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी बहुत अच्छा बना है। इसके निर्माण कार्य को हमने कई बार देखा है। लंदन में अधिकारियों के साथ जाकर हमने वहां के साइंस सिटी का भी निरीक्षण किया था। इसके निर्माण को लेकर कई विशेषज्ञों की राय ली गयी है। इस साइंस सिटी को विशिष्ट आइडियाज के साथ बनाया गया है। यह साइंस सिटी विज्ञान और नवाचार का एक ऐसा आधुनिक केन्द्र बना है जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करेगा। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने—समझने के लिये यह आकर्षक और अनूठा केन्द्र होगा। डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी विज्ञान के प्रचार—प्रसार के विश्व के बेहतरीन केन्दों में से अपने आप में विशिष्ट होगा। साईंस सिटी का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् यहां आनेवाले छात्र—छात्राओं को विज्ञान की मूलभूत बातें, गतिविधियों और विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी तथा विज्ञान में उनकी रूचि बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने इस साइंस सिटी का नामकरण महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के नाम पर किया है। डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम जी का बिहार के प्रति विशेष लगाव था। हमारे मन में भी उनके प्रति विशेष श्रद्धा थी और हमारे प्रति भी वे स्नेह रखते थे।

ज्ञातव्य है कि डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम साईंस सिटी, पटना में 5 बड़े—बड़े हॉल बनाये गये हैं, जिसमें विज्ञान से संबंधित प्रदर्शों को 5 गैलरी के माध्यम से दर्शाया जा रहा है— BE A Scientist गैलरी, सस्टेनेबल प्लैनेट गैलरी, बेसिक साईंस गैलरी, बॉडी एण्ड माइंड गैलरी, एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस गैलरी। देश की एक अनुभवी संस्था नेशनल काउन्सिल ऑफ साईंस म्यूजियम (एन०सी०एस०एम०) के माध्यम से क्रिएटिव म्यूजियम डिजाइन्र्स

(सी०एम०डी०) के द्वारा प्रथम चरण में BE A Scientist गैलरी में कुल 12 तथा बेसिक साईंस गैलरी में कुल 35 विज्ञान प्रदर्शों का अधिष्ठापन किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के निर्देश पर युवा वर्ग के लड़के–लड़कियों के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजेन्द्र नगर, पटना में 21 एकड़ के भूखंड पर साईंस सिटी का निर्माण किया जा रहा है। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 889 करोड़ रुपये की लागत से साईंस सिटी की स्वीकृति दी गयी है तथा इसका निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

इस परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा 01 मार्च 2019 को किया गया था। मुख्यमंत्री के द्वारा परियोजना के निर्माण कार्य का सतत् रूप से अनुश्रवण किया जाता रहा है। उनके द्वारा कई बार परियोजना का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा अच्छे स्तर का साइंस सिटी बनाने के लिए अधिकारियों की टीम को अध्ययन के लिए विदेश भेजा गया। बाद में मार्च, 2024 में मुख्यमंत्री ने स्वयं लंदन स्थित साईंस सिटी का निरीक्षण किया तथा नई पीढ़ी के लोगों को विज्ञान के प्रति और भी आकर्षित करने के लिए बेहतर साईंस सिटी बनाने का निर्देश दिया।

इस साईंस सिटी में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 500 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाले एक प्रेक्षागृह का भी निर्माण किया गया है। इसके साथ–साथ स्कूली छात्रों के अध्ययन भ्रमण के दौरान रात्रि विश्राम हेतु परिसर में एक 150 शैय्या वाले डॉरमेट्री का निर्माण किया गया है। परिसर में विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक मुक्त आकाश रंगमंच, घूमने आनेवाले लोगों के खाने की व्यवस्था के लिए कैफेटेरिया तथा वाहनों की पार्किंग के लिए वाहन पड़ाव का भी निर्माण किया गया है। परिसर में 150 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल भी अधिष्ठापित किये जा रहे हैं।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ0 रामवचन राय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी विभाग की सचिव डॉ0 प्रतिमा एस0 वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र–छात्रायें उपस्थित थी।

******